हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)

पत्रांक : हिन्दी/पाठ्यसमिति/ज़ूम 6681715882/2020 दिनांक : 14 अगस्त 2020

हिन्दी पाठ्यसमिति (Board of Studies) का कार्यवृत्त

माननीय कुलपति,कुमाऊँ विश्वविद्यालय के निर्देश पर हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की आवश्यक ऑनलाइन बैठक संयोजक हिन्दी प्रो. चन्द्रकला रावत की अध्यक्षता में आज दिनांक 14 अगस्त 2020 को ज़ूम स्ट्रीम लिंक https://us04web.zoom.us/j/6681715882?pwd=RmdQaWR1UU0xY0IoQXp1ODFmMm5Ndz09 मीटिंग आई डी 6681715882 के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की ऑनलाइन उपस्थिति निम्नवत् रही –

1. प्रो. चन्द्रकला रावत (संयोजक, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
2. प्रो. अनिल कुमार राय (बाह्य विशेषज्ञ, दिल्ली वि.वि.)
3. प्रो. पवन अग्रवाल (बाह्य विशेषज्ञ, लखनऊ वि.वि.)
4. प्रो. निर्मला ढैला बोरा (सदस्य, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
5. प्रो. पदम सिंह बिष्ट (संकायाध्यक्ष कला)
6. प्रो. जगत सिंह बिष्ट (सदस्य, एस.एस.जे..परिसर, कु.वि.वि.अल्मोड़ा)
7. प्रो. शिरीष कुमार मौर्य (सदस्य, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
8. डॉ. नीलाक्षी जोशी (सदस्य, राज.स्ना.महावि. पिथौरागढ़))

बैठक में निम्नवत् निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए –

1. बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 18 अक्टूबर 2019 को सम्पन्न हुई पाठ्यसमिति की विगत बैठक के प्रस्तावों तथा निर्णयों की पुष्टि की गई।
2. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि माननीय कुलपति जी के निर्देशों के क्रम में परास्नातक (एम ए) हिन्दी में सीबीसीएस पद्धति को अंगीकार किया जाए।
3. बैठक में परास्नातक(एम.ए.) हिन्दी के नवीन सीबीसीएस पाठ्यक्रम की सर्वसम्मत संस्तुति की गई, जिसकी मूल प्रति संलग्न है।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

4. बैठक में बी.ए. द्वितीय सत्र तृतीय प्रश्नपत्र के अन्तर्गत निम्नांकित दो पाठ्यपुस्तकों की सर्वसम्मत संस्तुति की गई 1. रीतिकालीन काव्य – सम्पादक प्रो. मानवेन्द्र पाठक तथा 2. काव्य प्रदीप – रामबहोरी शुक्ल (लोकभारती, इलाहाबाद)इलाहाबाद)।
5. बैठक में कुलसचिव, कु.वि.वि. नैनीताल के पत्र संख्या मान्यता/2019/1663 दिनांकित 30.06.2020 का संज्ञान लेते हुएसर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि काव्यांग परिचय शीर्षक वाली प्रो. मानवेन्द्र पाठक के नाम की कथित पाठ्यपुस्तक को सहायक पुस्तकों की सूची से हटाने तथा इस आशय की सूचना सभी सम्बद्ध परिसरों/महाविद्यालयों को प्रेषित करने की अविलम्ब कार्यवाही संयोजक हिन्दी द्वारा की जाए।

बैठक के अंत में प्रो. चन्द्रकला रावत, संयोजक – हिन्दी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार ज्ञापित किया गया।



Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

पत्रांक :

दिनांक : 14 अगस्त 2020

सीबीसीएस पाठ्यक्रम – एम.ए. हिन्दी

M.A. HINDI CBCS SYLLABUS

Programme Specific Outcomes

PSO 1. हिन्दी भाषा और साहित्य में दक्षता।

PSO 2. सामाजिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आदि राष्ट्रीय संदर्भों में हिन्दी साहित्य की महान परम्परा का रचनात्मक और सैद्धान्तिक ज्ञान प्रदान करना।

PSO 3. महान एवं उदात्त साहित्यिक कृतियों के साक्ष्य से उन्नत जीवन तथा नैतिक मूल्यों के पालन हेतु प्रेरित करना।

PSO 4. साहित्य के साक्ष्य से राष्ट्र की सामाजिक संरचना की समझ विकसित करना।

PSO 5. साहित्य के साक्ष्य से व्यक्ति एवं समाज में सद्भाव, समरसता, समानता, सहिष्णुता आदि मानवीय गुणों का विकास करना।

PSO 6. साहित्य के माध्यम से जनसाधारण अथवा जनता के जीवन की समस्याओं और संघर्षों का साक्षात्कार करना।

PSO 7. साहित्य के अध्ययन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण से मनुष्यों के सम्बन्धों के साक्ष्य व पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा प्राप्त करना।

PSO 8. साहित्यिक कृतियों के अध्ययन से राष्ट्र के स्वरूप के विषय में उदार व उदात्त चिंतन के लिए प्रेरित करना।

PSO 9. साहित्य के साक्ष्य से राष्ट्रप्रेम की भावना का उत्तरोत्तर विकास करना।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

हिन्दी में परास्नातक उपाधि के इस पाठ्यक्रम में कुल 25 प्रश्नपत्र हैं –

1. 15 प्रश्नपत्र कोर कोर्स अथवा अनिवार्य पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हैं, जिनमें से प्रत्येक का चयन हिन्दी के विद्यार्थी द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा। प्रथम तथा द्वितीय सत्रार्द्ध में पाँच-पाँच अनिवार्य प्रश्नपत्र, तृतीय सत्रार्द्ध में तीन तथा चतुर्थ सत्रार्द्ध में दो अनिवार्य प्रश्नपत्र सम्मिलित किए गए हैं।
2. 6 प्रश्नपत्र इलेक्टिव कोर्स अथवा ऐच्छिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हैं। तृतीय तथा चतुर्थ सत्रार्द्ध में हिन्दी के विद्यार्थी द्वारा तीन-तीन में से दो-दो प्रश्नपत्रों का चयन किया जाना है।
3. 4 प्रश्नपत्र ओपेन इलेक्टिव कोर्स अथवा मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हैं, इस पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्रों का चयन हिन्दी के अतिरिक्त अन्य विषयों/अनुशासनों के विद्यार्थी भी कर सकते हैं। तृतीय तथा चतुर्थ सत्रार्द्ध में दो-दो में से एक-एक प्रश्नपत्र का चयन करना है।

अध्ययन की सुविधा के लिए पाठ्यक्रम की आंतरिक संरचना का विवरण सारणी के माध्यम से भी दिया जा रहा है -

SEMESTER	CORE COURSES (15 out of 15)	ELECTIVE COURSES (4 out of 6)	OPEN ELECTIVE COURSES (2 0ut of 4)
I Total Credits 20	5x4=20 credits 1.आदिकालीन एवं निर्गुण भक्तिकाव्य 2.सगुण भक्तिकाव्य एवं रीतिकालीन काव्य 3.आधुनिक हिन्दी काव्य(छायावाद तक) 4.हिन्दी साहित्य का इतिहास(आदिकाल से रीतिकाल तक) 5.हिन्दी साहित्य का इतिहास(आधुनिककाल)		



Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

II Total Credits 20	5x4=20 credits 6.भारतीय काव्यशास्त्र 7.पाश्चात्य काव्यशास्त्र 8.आधुनिक हिन्दी काव्य : छायावादोत्तर 9.हिन्दी कथा एवं नाटक साहित्य 10.निबन्ध एवं स्मारक साहित्य		
III Total Credits 22	3x4=12 credits 11. भाषा विज्ञान 12. उत्तराखंड के हिन्दी कवि 13. उत्तराखंड के हिन्दी कथाकार	**इनमें से कोई दो/ 2**x4= 8 credits 1. कुमाउनी साहित्य 2. विशिष्ट अध्ययन : प्रेमचंद 3. विशिष्ट अध्ययन : सूरदास	**इनमें से कोई एक/ 1**x2= 2 credits 1.अनुवाद : सिद्धान्त और स्वरूप 2.हिन्दी भाषा
IV Total Credits 18	**2**x4= 8 credits 14.लोक साहित्य 15.मौखिकी	**इनमें से कोई दो/2**x4= 8 credits 4. विशिष्ट अध्ययन : कबीरदास 5.भारतीय साहित्य 6.लघुशोध प्रबंध	**इनमें से कोई एक/1**x2= 2 credits 3.हिन्दी पत्रकारिता 4.कुमाउनी भाषा
Total 80 Credits	15 CCHi Papers	4 ECHi out of 6	2 OECHi out of 4

CCHi – Core Course Hindi. ECHi – Elective Course Hindi, OEHi – Open Elective Course Hindi

4 Credit = 100 Marks (70 : External, 30 : Internal)

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

एम.ए.हिन्दी (सम्पूर्ण सीबीसीएस पाठ्यक्रम)

Programme Outcomes

PO 1. साहित्य ऐसा स्रोत है, जो समाज व उसकी दशा, गति, दिशा, उसके उद्वेलन आदि को सजीवता से चित्रित करता है। शिक्षार्थी परास्नातक स्तर पर हिन्दी साहित्य का अध्ययन करते हुए अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक गत्यात्मकता की मूल्यपरक पहचान प्राप्त करता है।

PO 2. हिन्दी साहित्य भारत के इतिहासक्रम में तत्कालीन सामाजिक, समावेशीकरण/समांगीकरण राज व्यवस्था, धर्म, भक्ति के विभिन्न पंथ, सूफी, संत, नाथ, सिद्ध, निर्गुण-सगुण, रीति, राज्याश्रयी श्रृंगाराभिव्यक्ति आदि से लेकर आधुनिक काल की विभिन्न विचारधाराओं / आंदोलनों और अद्यतन उत्तरआधुनिक वैचारिक परिदृश्य तक एक सुदीर्घ-सुलिखित दस्तावेज़ की तरह है। शिक्षार्थी परास्नातक स्तर पर हिन्दी साहित्य के अध्ययन से साहित्य के साथ-साथ इस लम्बी परम्परा का भी ज्ञान प्राप्त करता है।

PO 3. शिक्षार्थी साहित्य के पारंपरिक सांस्कृतिक आग्रहों के प्रति, नैतिक मूल्यों के प्रति सचेत होने के साथ-साथ इस महान भारतीय परम्परा के अग्रगामी आधुनिक स्वरूप का भी ज्ञान प्राप्त करता है।

PO 4. भौतिकवादी जगत में निरन्तर बदलते जीवन मूल्यों से उपजी आस्था-अनास्था, आशा-निराशा, संगति-विसंगति आदि में जीते मानव समाज को सही दिशा निर्देश साहित्य ही करता है। शिक्षार्थी परास्नातक स्तर पर हिन्दी साहित्य का अध्ययन कर सही व सच्चे अर्थ में समुन्नत जीवनमूल्यों का धारक मनुष्य बनता है।

PO 5. शिक्षार्थी संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोगों की प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हेतु विशिष्ट विषय के रूप में हिन्दी साहित्य का समग्र ज्ञान प्राप्त करता है।

PO 6. शिक्षार्थी हिन्दी अनुवाद तथा हिन्दी पत्रकारिता जैसे रोजगार क्षेत्रों में कार्य करने हेतु आधारभूत ज्ञान प्राप्त करता है।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

PO 7. शिक्षार्थी उच्चस्तरीय शोध एवं उच्चशिक्षा में अध्यापन हेतु आधारभूत ज्ञान तथा योग्यता प्राप्त करता है।

I Semester

शिक्षार्थी को प्रथम सत्रार्द्ध में पाँच अनिवार्य पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र (Core Course) का अध्ययन करना है।

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : प्रथम प्रश्नपत्र CCHi I - आदिकालीन एवं निर्गुण काव्य (प्रथम सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी आदिकाल के कवि अब्दुल रहमान की कृति संदेस रासक के अध्ययन से हिन्दी भाषा के आदिकालीन तथा अपभ्रंश के परवर्ती रूप अवहट्ट का परिचय तथा ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2. शिक्षार्थी आदिकाल के प्रसिद्ध महाकाव्य पृथ्वीराज रासो के अध्ययन से वीरकाव्य की परम्परा तथा आदिकालीन हिन्दी के राजस्थानी प्रभाव वाले अवहट्ट रूप का परिचय तथा ज्ञान प्राप्त करता है।

CO3. संस्कृत में जयदेव का गीतकाव्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हिन्दी में यह महत्व विद्यापति को प्राप्त है। शिक्षार्थी विद्यापति के पदों के अध्ययन से गीतकाव्य की समृद्ध भारतीय परम्परा तथा मैथिली भाषा का परिचय तथा ज्ञान प्राप्त करेगा।

CO4. शिक्षार्थी कबीर की वाणी का अध्ययन करते हुए हिन्दी भक्तिकाव्य में निर्गुण के स्वरूप तथा हिन्दी की संतकाव्य परम्परा का निकट परिचय तथा सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5. शिक्षार्थी मलिक मोहम्मद जायसी के महाकाव्य पद्मावत का अध्ययन करते हुए हिन्दी भक्तिकाव्य में प्रेमाश्रयी सूफी काव्यधारा का ऐतिहासक एवं सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO6. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थी में सामाजिक चेतना, राष्ट्रप्रेम तथा उच्च नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

निर्धारित पाठ्यक्रम

1. अब्दुल रहमान: संदेश रासक, संपा0 डा. विश्वनाथ त्रिपाठी (व्याख्या हेतु, प्रथम प्रक्रम)
2. चंदवरदाई: कयमास-वध, संपा0 माताप्रसाद गुप्त,लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. विद्यापति: संपा0 शिवप्रसाद सिंह (व्याख्या हेतु केवल रूप वर्णन), लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. कबीरदास: कबीर वाणी पीयूष, संपा0 जयदेव सिंह/वासुदेव सिंह (व्याख्या हेतु प्रारंभ की 40 साखियाँ एवं प्रारम्भ के 5 पद), विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
5. मलिक मुहम्मद जायसी: पद्मावत - संपा0 वासुदेवशरण अग्रवाल,लोकभारती प्रकाशन,इलाहाबाद(व्याख्या हेतु केवल 'नागमती वियोग' वर्णन खंड)।

सहायक ग्रंथ – 1. संदेश रासक : हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. पृथ्वीराज रासो – भाषा और साहित्य : नामवर सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, 3. कबीर : हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 4. कबीर – एक नई दृष्टि : रघुवंश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 5. भक्ति आंदोलन और काव्य : गोपेश्वर सिंह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 5. आदिकालीन हिन्दी साहित्य – अध्ययन की दिशाएँ : सम्पादक -प्रो. अनिल राय, शिवालिक प्रकाशन, दिल्ली

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : द्वितीय प्रश्नपत्र CCHi II - सगुण काव्य एवं रीतिकालीन काव्य(प्रथम सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी मध्यकालीन सगुण भक्तिधारा व उसकी शाखाओं से रीतिकालीन काव्य तक की विभिन्न धाराओं का ऐतिहासिक परिचय एवं सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

CO2. शिक्षार्थी सूरदास की रचनाओं का अध्ययन कर सगुण धारा की कृष्णभक्ति शाखा का आलोचनात्मक व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है तथा सूरदास के काव्य में उपस्थिति प्रकृति और जीवन के लोक स्वरूप का साक्षात्कार कर पर्यावरण की सुन्दरता व उसके संरक्षण की अनिवार्यता के महत्व को समझता है।

CO3. शिक्षार्थी तुलसीदास के काव्य का अध्ययन कर सगुण धारा की रामभक्ति शाखा का आलोचनात्मक व सैद्धान्तिक ज्ञान तथा विभिन्न धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं व मतों के बीच समन्वय की दृष्टि प्राप्त करता है। यह समन्वयवादी दृष्टि शिक्षार्थी के निजी जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हेतु सहायक होती है।

CO4. शिक्षार्थी केशवदास के काव्य के अध्ययन से भारतीय काव्यशास्त्र का परम्परागत ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5. शिक्षार्थी बिहारी के काव्य के अध्ययन से कविता की भाषा में मितकथन व अलंकारों के सटीक प्रयोग का रचनात्मक व आलोचनात्मक ज्ञान प्राप्त करता है, जिससे उसमें काव्यात्मक अभिरुचि का विकास एवं विस्तार होता।

CO6. शिक्षार्थी घनानंद की कविता के अध्ययन से सामाजिक रूढ़ियों के बीच प्रेम की विलक्षण अनुभूति से परिचित होता है, जिससे वह तत्कालीन से लेकर समकालीन समाज तक की सम्बन्ध आधारित जटिल संरचना के ज्ञान के साथ ही विवेचन की मनोवैज्ञानिक समझ भी प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम

1. सूरदास: भ्रमरगीत सार: संपा0 आचार्य रामचंद्र शुक्ल (व्याख्या के लिए पद संख्या 50 से 75 तक), नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
2. तुलसीदास: विनयपत्रिका: तुलसीदास (व्याख्या के लिए पद संख्या 51 से 75 तक), गीताप्रेस गोरखपुर।
3. केशवदास: संक्षिप्त रामचन्द्रिका: संपा0 डा. जगन्नाथ तिवारी। (व्याख्या हेतु प्रारंभिक दो प्रकाश- 1. मंगलाचरण, 2. अयोध्यापुरी वर्णन) रंजन प्रकाशन, सिटी स्टेशन मार्ग आगरा।
4. बिहारी: बिहारी रत्नाकर: संपा0 जगन्नाथदास रत्नाकर(व्याख्या हेतु प्रारंभिक 25 दोहे), प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली।
5. घनानंद: घनानंद कवित्त: संपा0 आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (व्याख्या हेतु आरंभ के 15 छंद)

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

सहायक ग्रंथ – 1. भक्ति आंदोलन और भक्तिकाव्य : शिवकुमार मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 2. सूरदास : आचार्य रामचंद्र शुक्ल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 3. केशवदास : विजयपाल सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 4. भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य- मैनेजर पांडेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 5. भक्ति का संदर्भ : देवीशंकर अवस्थी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 6. गोस्वामी तुलसीदास : आचार्य रामचंद्र शुक्ल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : तृतीय प्रश्नपत्र CCHi III- आधुनिक हिंदी काव्य :छायावाद तक (प्रथम सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1.शिक्षार्थी राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन एवं आधुनिक कविता के आरम्भ का रचनात्मक परिचय व ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2.शिक्षार्थी हिन्दी नवजागरण में खड़ी बोली हिन्दी में काव्यरचना के सशक्त आरम्भ के साक्ष्य प्राप्त करता है। मैथिलीशरण गुप्त कृत साकेत की विषयवस्तु उसे हिन्दी कविता में स्त्री के मूक संघर्षों व बलिदानों के चित्रण का महत्वपूर्ण अभिलेख बनाती है, शिक्षार्थी इस पुस्तक के अध्ययन से हिन्दी में स्त्री विमर्श के आरंभिक स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करता है।

CO3.शिक्षार्थी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कवियों जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सुमित्रानंदन पंत एवं महादेवी वर्मा और उनकी कविताओं के अध्ययन से छायावाद युग का ऐतिहासिक व सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी छायावादी कविता के अध्ययन से प्रकृति, प्रेम, सौन्दर्य, भारत की गहन भारतीय परम्परा तथा विचार की नवीन आधुनिक सरणियों /पद्धतियों का रचनात्मक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. मैथिलीशरण गुप्त: साकेत (व्याख्या के लिए केवल नवम सर्ग), लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. जयशंकर प्रसाद: कामायनी (व्याख्या के लिए केवल श्रद्धा और इड़ा सर्ग), लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

3. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला: राग-विराग, संपा0 रामविलास शर्मा (व्याख्या के लिए **राम की शक्तिपूजा)**, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

4. सुमित्रानंदन पंतः रश्मिबंध (व्याख्या के लिए प्रारंभिक 15 कविताएँ), राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।

5. महादेवी वर्मा: संधिनी (व्याख्या के लिए कविता संख्या 25 से 40 तक), लोकभारती प्रकाशन, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद।

सहायक ग्रंथ – 1. मैथिलीशरण : नंदकिशोर नवल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. जयशंकर प्रसाद : नंददुलारे वाजपेयी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 3. छायावाद – प्रसाद, निराला, महादेवी और पंत : नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 4. निराला : आत्महंता आस्था – दूधनाथ सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 5. महादेवी : दूधनाथ सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 6. कवि सुमित्रानंदन पंत : नंदकिशोर नवल, नंददुलारे वाजपेयी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 7. कामायनी एक पुनर्विचार : गजानन माधव मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : चतुर्थ प्रश्नपत्र CCHi IV - हिंदी साहित्य का इतिहास: आदिकाल से रीतिकाल तक(प्रथम सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा,प्रविधि, काल-विभाजन पद्धति, नामकरण की समस्या व औचित्य के कारणों का ऐतिहासिक व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2.शिक्षार्थी हिन्दी साहित्य के आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों तथा आदिकालीन हिन्दी साहित्य के अध्ययन से जैन साहित्य, बौद्ध साहित्य, नाथ साहित्य, वीरकाव्य-रासो साहित्य आदि का सैद्धान्तिक ज्ञान और चंद बरदाई, अब्दुल रहमान, जगनिक, स्वयंभू, धनपाल, नरपति नाल्ह, विद्यापति आदि महत्वपूर्ण कवियों के कृतित्व का ऐतिहासिक परिचय प्राप्त करता है।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

CO3.शिक्षार्थी हिन्दी साहित्य के पूर्व मध्यकाल/भक्तिकाल के प्रमुख कवियों का ऐतिहासिक परिचय तथा प्रमुख काव्यधाराओं एवं प्रवृत्तियों का सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी हिन्दी साहित्य के उत्तर मध्यकाल /रीतिकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का परिचय एवं प्रमुख प्रवृत्तियों का सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5.शिक्षार्थी रीतिकालीन कवि-आचार्यों द्वारा रचित लक्षण ग्रंथों की परम्परा का ऐतिहासिक परिचय प्राप्त करता है।

CO6.शिक्षार्थी रीतिकाल की काव्यधाराओं यथा रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध तथा रीतिमुक्त तथा उनके प्रतिनिधि कवियों का ऐतिहासिक परिचय एवं उनकी कविता के चमत्कारपूर्ण शिल्पगत वैशिष्ट्य का ज्ञान प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा, काल विभाजन और नामकरण, हिंदी साहित्य का आदिकाल: नामकरण और प्रमुख प्रवृत्तियाँ, नाथ-सिद्ध साहित्य पंरपरा, रासो काव्य परंपरा, आदिकाल के प्रतिनिधि कवि और उनकी रचनाएँ।
2. मध्यकाल: भक्तिकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और प्रमुख प्रवृत्तियाँ, निर्गुण संत काव्य और उसकी प्रमुख प्रवृत्तियाँ, सूफी काव्य परंपरा।
3. भक्तिकाल की सगुण काव्यधारा: रामभक्ति परंपरा, कृष्णभक्ति परंपरा, भक्तिकाल के प्रमुख कवि और उनकी रचनाएँ।
4. रीतिकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और प्रमुख प्रवृत्तियाँ, लक्षण ग्रंथ-परंपरा, रीतिकाल की काव्यधाराएँ: रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध और रीतिमुक्त काव्य, प्रमुख कवि और उनकी रचनाएँ।

सहायक ग्रंथ - 1. हिन्दी साहित्य की भूमिका : हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. हिन्दी साहित्य का आदिकाल : हजारी प्रसाद द्विवेदी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 3. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आचार्य रामचंद्र शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 4. रीतिकाव्य – नंदकिशोर नवल, राजकमल प्रकाशन 5. भक्ति और भक्ति आंदोलन : सेवा सिंह, आधार प्रकाशन,

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

पंचकूला(हरियाणा) 6. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सम्पादक डॉ. नगेन्द्र 7. भक्ति आंदोलन के सामाजिक आधार : गोपेश्वर सिंह, \ किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली 8. निर्गुण काव्य में नारी : प्रो. अनिल राय, सार्थक प्रकाशन, दिल्ली

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : पंचम प्रश्नपत्र CCHi V - हिंदी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल (प्रथम सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी 1857 की क्रांति तथा हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2.शिक्षार्थी आधुनिक काल के राजनीतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिदृश्य का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO3.शिक्षार्थी आधुनिक काल में अस्तित्व में आए साहित्यिक आंदोलनों अथवा विशिष्ट धाराओं यथा छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद आदि का सैद्धान्तिक ज्ञान तथा नवीन रचना-दृष्टि के आलोक में उनके प्रमुख रचनाकारों का परिचय प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी हिन्दी में गद्य लेखन के उद्भव-विकास तथा गद्य की प्रमुख विधाओं यथा नाटक, कहानी, उपन्यास और निबंध का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5.शिक्षार्थी कथेतर गद्य के अन्तर्गत स्मारक साहित्य और उसकी विधाओं यथा संस्मरण, रेखाचित्र, जीवनी, आत्मकथा, यात्रावृत्तांत, फीचर, डायरी, रिपोर्ताज आदि का परिचय व ज्ञान प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. आधुनिक काल की पृष्ठभूमि: भारतेन्दु युग: प्रमुख प्रवृत्तियाँ, प्रमुख रचनाकार एवं उनकी रचनाएँ, द्विवेदी युग: प्रमुख प्रवृत्तियाँ, प्रमुख रचनाकार एवं उनकी रचनाएँ।
2. छायावाद: प्रमुख प्रवृत्तियाँ, प्रमुख रचनाकार एवं उनकी रचनाएँ, छायावादोत्तर युग: प्रगतिवाद, प्रयोगवाद: प्रमुख प्रवृत्तियाँ, प्रमुख रचनाकार एवं उनकी रचनाएँ, समकालीन हिंदी साहित्य: पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि।



Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

3. हिंदी गद्य साहित्य का विकास: नाटक, एकांकी, उपन्यास, कहानी एवं निबंध।
4. हिंदी का स्मारक साहित्य: संस्मरण, रेखाचित्र, जीवनी, आत्मकथा, यात्रावृत्तांत, फीचर, डायरी, रिपोर्ताज आदि।

सहायक ग्रंथ – 1. भारतेंदु हरिश्चंद्र और हिन्दी नवजागरण की समस्याएँ : रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. हिन्दी नवजागरण और महावीर प्रसाद द्विवेदी : रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 3. हिन्दी उपन्यास का विकास : मधुरेश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 4. हिन्दी कहानी का विकास : मधुरेश, , लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 5. आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ : नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 6. हिन्दी नाटक – उद्भव और विकास, दशरथ ओझा, राजपाल एंड संस, नई दिल्ली 7. स्मारक साहित्य और उसकी विधाएँ : निर्मला ढैला एवं रेखा ढैला, ग्रंथायन, अलीगढ़ 8. आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास : बच्चन सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

II Semester

शिक्षार्थी को द्वितीय सत्रार्द्ध में पाँच अनिवार्य पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र (Core Course) का अध्ययन करना है।

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : षष्ठ प्रश्नपत्र CCHi VI - भारतीय काव्यशास्त्र (द्वितीय सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी भारतीय काव्यशास्त्र की अत्यन्त समृद्ध परम्परा का ऐतिहासिक व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2.शिक्षार्थी काव्य लक्षणों, काव्य हेतु तथा काव्य प्रयोजनों के अध्ययन से कविता के शिल्प और विषयवस्तु से लेकर उसके वृहद् सामाजिक उद्देश्यों तक आलोचना का ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करता है।



Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

CO3.विभिन्न काव्य तत्वों के संधान के आधार पर परम्परा में आचार्यों ने काव्य विवेचन किया, फलस्वरूप रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति एवं औचित्य सम्प्रदाय अस्तित्व में आए, जो पश्चिमी काव्य चिंतन में इस विस्तार के साथ नहीं मिलते। शिक्षार्थी इन काव्य सम्प्रदायों के अध्ययन से भारतीय परम्परा में काव्य चिंतन की विलक्षणता, उदात्तता और सैद्धान्तिक विस्तार का ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी हिन्दी आलोचना के उद्भव व विकास का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5.शिक्षार्थी हिन्दी के सामान्य आलोचना सिद्धान्तों का ज्ञान प्राप्त करता है।

CO6.शिक्षार्थी पाठ्यक्रम में सम्मिलित आलोचकों के कृतित्व के अध्ययन से हिन्दी आलोचना की विशिष्ट विचारधाराओं का ज्ञान प्राप्त करता है।

CO7.शिक्षार्थी साहित्यिक कृतियों के आलोचन का व्यावहारिक ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. काव्यशास्त्र: परिभाषा, काव्य लक्षण, काव्य हेतु, काव्य प्रयोजन एवं काव्य भेद।
2. काव्य संप्रदाय: रस संप्रदाय: रस का स्वरूप, रस निष्पत्ति, साधारणीकरण, अलंकार संप्रदाय, रीति संप्रदाय, ध्वनि संप्रदाय, वक्रोक्ति संप्रदाय एवं औचित्य संप्रदाय।
3. हिंदी आलोचना: विकास, प्रमुख हिंदी आलोचक और उनके आलोचना सिद्धांत (आचार्य रामचंद्र शुक्ल, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, डा. रामविलास शर्मा, डा. नामवर सिंह)।

सहायक ग्रंथ – 1. भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र : गणपतिचंद्र गुप्त, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. भारतीय काव्य विमर्श : राममूर्ति त्रिपाठी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 3. भारतीय काव्यशास्त्र : तारकनाथ बाली, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 4. भारतीय काव्यशास्त्र की भूमिका : योगेन्द्रप्रताप सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 5. हिन्दी आलोचना : विश्वनाथ त्रिपाठी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 6. हिन्दी आलोचना – शिखरों का साक्षात्कार : रामचंद्र तिवारी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : सप्तम प्रश्नपत्र CCHi VII - पाश्चात्य काव्यशास्त्र(द्वितीय सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी साहित्यालोचन की पश्चिमी परम्परा का विस्तृत ऐतिहासिक परिचय तथा सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2. शिक्षार्थी प्राचीन यूनानी विचारक प्लेटो, अरस्तू तथा लोंजाइनस की काव्य मूल्यांकन सम्बन्धी मान्यताओं और स्थापनाओं यथा काव्य-सत्य, अनुकरण व विरेचन, त्रासदी विवेचन, उदात्त की अवधारणा आदि का ऐतिहासिक तथा सैद्धान्तिक परिचय प्राप्त करता है।

CO3. शिक्षार्थी अंग्रेज़ी के महत्वपूर्ण साहित्यालोचक मैथ्यू आर्नल्ड, क्रोचे, आई ए रिचर्ड्स और डी एस इलियट के समालोचन सिद्धान्तों का ऐतिहासिक परिचय व ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4. शिक्षार्थी अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग्रेज़ी कवि वर्ड्सवर्थ के काव्यभाषा सिद्धान्त और कॉलरिज के कल्पना सिद्धान्त के अध्ययन से पश्चिम के प्रसिद्ध साहित्यान्दोलन स्वच्छंदतावाद का ऐतिहासिक परिचय और सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5. शिक्षार्थी पश्चिमी साहित्य और संस्कृति की महत्वपूर्ण विचारधाओं यथा मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, संरचनावाद और उत्तरआधुनिकता का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO6. शिक्षार्थी पाठ्यक्रम में सम्मिलित विचारकों व उनके सिद्धान्तों के अध्ययन से आलोचना का ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. पाश्चात्य काव्यशास्त्र: संक्षिप्त परिचय, प्लेटो के काव्य सिद्धांत, अरस्तू: अनुकरण सिद्धांत, विरेचन सिद्धात एवं त्रासदी विवेचन, लोंजाइनस: उदात्त की अवधारणा।
2. मैथ्यू आर्नल्ड: कला और नैतिकता का सिद्धांत, क्रोचे: अभिव्यंजनावाद, आई0 ए0 रिचर्ड्स: काव्यमूल्य, टी0 एस0 इलियट: कला की निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत।
3. वर्ड्सवर्थ: काव्यभाषा सिद्धांत, कालरिज: कल्पना सिद्धांत।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

4. विविध वाद: मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, संरचनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद।

सहायक ग्रंथ – 1. भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र : गणपतिचंद्र गुप्त, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. पाश्चात्य काव्यशास्त्र : तारकनाथ बाली, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 3. पाश्चात्य साहित्य चिंतन : सम्पादक निर्मला जैन, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली 4. उदात्त के विषय में : निर्मला जैन, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 5. पाश्चात्य काव्यशास्त्र – नई प्रवृत्तियाँ : राजनाथ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 6. उत्तरआधुनिक साहित्य विमर्श : सुधीश पचौरी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 7. नयी समीक्षा के प्रतिमान : निर्मला जैन, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली 8. उत्तरआधुनिकता (बहुआयामी संदर्भ) : पांडेय शशिभूषण शीतांशु

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : अष्टम प्रश्नपत्र CCHi VII) - आधुनिक हिंदी काव्य : छायावादोत्तर (तृतीय सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी छायावादोत्तर हिन्दी कविता और उसकी विभिन्न काव्यधाराओं यथा प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता, साठोत्तरी कविता, समकालीन कविता आदि का रचनात्मक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2.शिक्षार्थी दिनकर के महाकाव्य उर्वशी के अध्ययन से भारतीय दर्शन की परम्परा से परिचित होता है तथा आधुनिक संसार में उसकी पुनर्व्याख्या का संधान करता है, जिससे उसे भेदबुद्धि यथा पाप-पुण्य, स्वर्ग-नर्क, ऊँच-नीच आदि से ऊपर उठकर संसार को समझने की चेतना, प्रेरणा व ज्ञान प्राप्त होता है।

CO3.शिक्षार्थी नागार्जुन की प्रतिनिधि कविताओं के अध्ययन से प्रगतिशील हिन्दी कविता के स्रोत-सिद्धान्तों का ज्ञान सोदाहरण प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी अज्ञेय, मुक्तिबोध, शमशेर बहादुर सिंह, नरेश मेहता, केदारनाथ सिंह, लीलाधर जगूड़ी, अशोक वाजपेयी आदि की कविताओं के अध्ययन से प्रयोगवाद, नयी कविता, साठोत्तरी कविता, समकालीन कविता आदि का रचनात्मक व सैद्धान्तिक ज्ञान सोदाहरण प्राप्त करता

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

है।

CO5.शिक्षार्थी छायावोत्तर काल की हिन्दी कविता की समीक्षा का रचनात्मक ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. रामधारी सिंह दिनकर: उर्वशी (व्याख्या के लिए केवल तृतीय सर्ग)। प्रकाशक: लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
2. वैद्यनाथ मिश्र 'नागार्जुन': नागार्जुन' की प्रतिनिधि कविताएँ, (उनको प्रणाम, बादल को घिरते देखा है, बहुत दिनों के बाद, मेरी भी आभा है इसमें, प्रतिबद्ध हूँ, वो हमें चेतावनी देने आये थे, सिन्दूर तिलकित भाल, वह दन्तुरित मुस्कान, यह तुम थीं, गुलाबी चूडियाँ, खुरदरे पैर, घिन तो नहीं आती है गीले पाँख की दुनिया गई है छोड़, प्रेत का बयान, अकाल और उसके बाद, आओ रानी हम ढोयेंगे पालकी, शासन की बन्दूक) राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. समय राग। संपादक: डा. मधुबाला नयाल: (व्याख्या हेतु अज्ञेय, गजानन माधव मुक्तिबोध, शमशेर बहादुर सिंह, केदारनाथ सिंह और लीलाधर जगूड़ी की कविताएँ), ज्ञानोदय प्रकाशन, नैनीताल

सहायक ग्रंथ - 1. कल्पना का उर्वशी विवाद : गोपेश्वर सिंह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 2. समकालीन हिन्दी कविता : ए अरविन्दाक्षन , राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 3. नई कविता का आत्मसंघर्ष : गजानन माधव मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 4. मुक्तिबोध – कविता और जीवन विवेक : चंद्रकांत देवताले, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 5. नागार्जुन और उनकी कविता : नंदकिशोर नवल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 6. कविता के नए प्रतिमान : नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 7. कई उम्रों की कविता : शिरीष कुमार मौर्य, आधार प्रकाशन 8. हिन्दी कविता (समय से संवाद) : शिरीष कुमार मौर्य, आधार प्रकाशन 9. नागार्जुन की कविता : अजय तिवारी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली



Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : नवम प्रश्नपत्र CCHi IX - हिंदी कथा एवं नाटक साहित्य (द्वितीय सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी हिन्दी उपन्यास, कहानी तथा नाटक के उद्भव-विकास तथा महत्व का ऐतिहासिक परिचय तथा सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2.शिक्षार्थी गोदान के अध्ययन से भारतीय समाज की राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संरचना का अंतरंग साक्षात्कार करते हुए बदल रही जीवन स्थितियों और नए संकटों- समस्याओं को समझने की वैचारिक पद्धति का ज्ञान प्राप्त करता है।

CO3.शिक्षार्थी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों के अध्ययन से हिन्दी कहानी के विकासक्रम, उनके बहुवर्णी सामाजिक कथ्य, प्रमुख कहानी आंदोलनों तथा बदलते शिल्प का परिचय व ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी पाठ्यक्रम में सम्मिलित नाटक स्कंदगुप्त तथा लहरों के राजहंस के अध्ययन से हिन्दी नाट्यलेखन के विकास, भारतीय व पश्चिमी परम्परा में उसके शिल्पगत रचाव, नाटक के ऐतिहासिक-सामाजिक अभिप्रायों, प्रकारों तथा रंगमंच विधा का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5.शिक्षार्थी कथा साहित्य तथा नाटक की समीक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. गोदान : प्रेमचंद, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. हिंदी कहानी के नौ कदम : संपादक बटरोही, अल्मोड़ा बुक डिपो, अल्मोड़ा ।
3. स्कन्दगुप्त : जयशंकर प्रसाद, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद। ।
4. लहरों के राजहंस : मोहन राकेश, राधाकृष्ण प्रकशन नई दिल्ली।
5. एकांकी सुमन – सम्पादक : डॉ. कांबले अशोक, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

सहायक ग्रंथ - **1.** प्रेमचंद और उनका युग : रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2. प्रेमचंद और भारतीय समाज : नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 3. मेरे साक्षात्कार : हिमांशु जोशी, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली 4. कहानी नई कहानी : नामवर सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 5. कथा की सैद्धान्तिकी : विनोद शाही, आधार प्रकाशन, पंचकूला (हरियाण) 6.मोहन राकेश और उनके नाटक : गिरीश रस्तोगी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 7. नाटककार जयशंकर प्रसाद : सम्पादक-सम्पादक- सत्येंद्र कुमार तनेजा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली 8. हिन्दी एकांकी : सिद्धनाथ कुमार, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : दशम प्रश्नपत्र CCHi X - निबंध एवं स्मारक साहित्य (द्वितीय सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. शिक्षार्थी निबंध विधा के स्वरूप, प्रकार और महत्व का सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO2. शिक्षार्थी हिन्दी में निबंध विधा के उद्भव एवं विकास का ऐतिहासिक परिचय प्राप्त करता है।

CO3. शिक्षार्थी पाठ्यक्रम में सम्मिलित निबंधों के अध्ययन से हिन्दी के प्रमुख निबंधकारों का परिचय, निबंध की शैलियों तथा विधा का वैचारिक व रचनात्मक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4. शिक्षार्थी स्मारक साहित्य के स्वरूप, उसकी विभिन्न विधाओं तथा महत्व का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

CO5. शिक्षार्थी निबंध तथा स्मारक साहित्य की समीक्षा का ज्ञान तथा प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

1. नीरजा टंडन: हिंदी निबंध मंजूषा (व्याख्या के लिए निर्धारित निबन्ध- सच्ची कविता (बालकृष्ण भट्ट), सच्ची वीरता (सरदार पूर्णसिंह), काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था (रामचन्द्र शुक्ल), देवदारू(हजारीप्रसाद द्विवेदी), अनुभूति,सत्य और यथार्थ(महादेवीवर्मा), प्रेमचन्द के फटे जूते (हरिशंकर परसाई), आदिकाव्य(रामविलासशर्मा), आम्रमंजरी(विद्यानिवासमिश्र), राघव: करुणोरस: (कुबेरनाथराय)।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

2. महादेवी वर्मा: पथ के साथी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. केशवदत्त रुवाली/जगतसिंह बिष्ट: स्मारक साहित्य संग्रह, तारामंडल प्रकाशन, अलीगढ़।

सहायक ग्रंथ – 1. हिन्दी निबंध साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन : डॉ. बाबूराम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 2.साहित्यिक निबंध आधुनिक दृष्टिकोण : बच्चन सिंह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 3. हिन्दी ललित निबंध स्वरूप विवेचन : वेदवती राठी, लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली 4. स्मारक साहित्य की विधाएँ : डॉ. निर्मला ढैला एवं डॉ. रेखा ढैला, ग्रंथायन प्रकाशन, अलीगढ़

III Semester

शिक्षार्थी को तृतीय सत्रार्द्ध में तीन अनिवार्य पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र (Core Course), तीन ऐच्छिक पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र (Elective Courses) में से किन्हीं दो तथा दो मुक्त ऐच्छिक (Open Elective Courses) में से किसी एक का चयन करना हैं।

अनिवार्य पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र (Core Course)

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course) : एकादश प्रश्नपत्र CCHi XI - भाषा विज्ञान (तृतीय सत्र)

श्रेयांक 4 (पूर्णांक 100 – 70 अंक : बाह्य मूल्यांकन / 30 अंक : आंतरिक मूल्यांकन)

Course Outcomes

CO1. Linguistics अर्थात् भाषा-विज्ञान भाषा एवं साहित्य ही नहीं, अभिव्यक्तियों के सन्दर्भ में समाज को समझने की पद्धति के रूप में विकसित होने वाला विषय भी है। अत: इस पाठ्यक्रम से शिक्षार्थी भाषा विज्ञान के अर्थ, स्वरूप, भाषा व्यवस्था,भाषा व्यवहार और उसके महत्व का ऐतिहासिक परिचय व सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त करता है।

Scanned Signature of The hon'ble members and experts are used to sign the documents after the meeting with their due permission and consent

CO2.शिक्षार्थी भाषा प्रयोगशालाओं में उच्चस्तरीय अध्ययन व शोध हेतु आधार योग्यता व ज्ञान प्राप्त करता है।

CO3.शिक्षार्थी भाषा विज्ञान की प्रमुख अध्ययन-शाखाओं यथा स्वन, स्वनिम, रूप, रूपिम, वाक्य, अर्थ आदि का सैद्धान्तिक व तकनीकी ज्ञान प्राप्त करता है।

CO4.शिक्षार्थी भाषा की सामाजिक संरचनाओं तथा भाषा के स्वरूप के आधार पर सामाजिक अभिव्यक्ति के अध्ययन का ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

CO5.शिक्षार्थी साहित्यिक कृतियों के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन का ज्ञान व प्राशिक्षण प्राप्त करता है।

निर्धारित पाठ्यक्रम:

